an>

Title: Regarding four-laning of NH-11 from Jhunjhunu to Pacheri and construction of by-pass road at Chirawa and Singhana in Rajasthan-Laid.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): मेरे लोकसभा क्षेत्र से गुजरने वाला एन.एच. 11 जैसलमेर – बीकानेर फतेहपुर - झुन्झुनू - सिघाना पचेरी - नारनोल - रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग है तथा हरियाणा सीमा में पचेरी - नारनोल- रेवाड़ी खण्ड सड़क को फोर लेन बना दिया गया है । परन्तु झुंझुनूं से पचेरी सड़क पर अभी कोई कार्य नहीं हुआ है, चूकिं चिड़ावा - पचेरी खण्ड पर जो टोल संग्रहण चल रहा था वो अब दिनांक 16-07- 2022 से बंद कर दिया गया है इसलिए दिल्ली से सीधा बीकानेर - जैसलमेर को मिलाने वाली सड़क मार्ग में पचेरी राज्य सीमा से झुंझुनूं खण्ड में लम्बे वाहनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । इसलिए पचेरी राज्य सीमा से झुंझुनूं खण्ड को फोर लाईन बनाया जावे जिससे इस एन.एच. 11 पर चलने वाले वाहनों का अच्छा सड़क मार्ग उपलब्ध हो । इससे जिले की व्यापारिक गतिविधियों में भी तेजी से सुगमता आएगी । एन.एच.11 (चिड़ावा-सिंघाना) शहर के अन्दर से गुजर रहा है जिसमें दिल्ली से जैसलमेर लंबी दूरी के वाहनों को गुजरने में समस्या होती है ट्रैफिक जाम की समस्या आम हो गई है जिसके कारण वाहन घंटो तक जाम में फसे रहते है इस समस्या को दूर करने के लिए चिड़ावा एवं संघाना में बाईपास सड़क का निर्माण करवाया जाए जिससे समस्या का समाधान हो सके ।